## 11. गुण बताने वाले शब्द (विशेषण)

प्रत्येक वस्तु, प्राणी आदि की कुछ-न-कुछ विशेषता होती है। कुछ शब्दों द्वारा व्यक्ति, वस्तु आदि का गुण-दोष, स्वभाव, रंग, स्वाद, संख्या, मात्रा आदि का पता चलता है। ये शब्द विशेषण कहलाते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को उदाहरणों की सहायता से विशेषण शब्दों के बारे में बताएँ।
- ❖ उदाहरणों में कैसा या कितना प्रश्न पूछकर बच्चों को सरलता से विशेषण शब्दों के बारे में समझाया जा सकता है।
- ❖ कोई भी चीज़ कैसी या कितनी है, यह बताने के लिए उन्हें कुछ उदाहरण दिए जा सकते हैं, जैसे– पीला पपीता, लाल सेब, खट्टी इमली, चार केले, छह संतरे आदि।
- ❖ इन शब्दों को समझाने के लिए अपने उदाहरणों को रोज़मर्रा की गतिविधि से जोड़कर भी समझाया जा सकता है। जैसे– आप बच्चों से पूछें, उनकी स्कूल ड्रेस का क्या रंग है? बच्चे ने उत्तर दिया– सफ़ेद कमीज़ नीली पैंट। तब आप बताएँ कि सफ़ेद रंग द्वारा कमीज़ की विशेषता तथा नीले रंग से पैंट की विशेषता पता चल रही है। इसी प्रकार छोटे-छोटे प्रश्नों के माध्यम से विशेषण को सरलता से समझाया जा सकता है।
- ❖ अभ्यास प्रश्न करवाते समय प्रत्येक बच्चे की पुस्तिका पर ध्यान दें।
- ❖ सुनिश्चित करें कि बच्चा विशेषण समझ गया है।